# अवलोकन एवं कार्य

कोंकण रेल मार्ग पर रोज औसतन 18 मालगाडियों का परिचालन किया गया। वर्ष 2023-24 में प्रारंभिक लदान 2.613 मिलियन टन रहा। मुख्यतः खाद, पेट्रोलियम पदार्थ, कंटेनर, कोयला, बॉक्साइट तथा रो-रो सेवा में ट्रकों का लदान हुआ। वहीं अवाक यातायात में खाद्यान्न, सिमेंट, खाद, कंटेनर, औद्योगिक नमक तथा आयात कोयला मुख्य रहे। इसके अलावा कोंकण रेलवे पर 49 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस तथा 04 जोड़ी पैसेंजर गाड़ीयों का परिचालन किया गया। हालांकि कुछ नियमित गाडियाँ अन्य नंबर के साथ विशेष गाड़ियों के रूप मे चलाई जा रही है। मडगांव स्टेशन मुख्य पैसेंजर टर्मिनल है, इसके अलावा रत्नागिरी, सावंतवाड़ी, करमाली, कारवार और मुर्डेश्वर स्टेशनों से भी गाडियाँ छुटती हैं।

परिचालन विभाग दो स्तरों पर कार्यरत है।

1. निगम कार्यालय स्तर
2. क्षेत्रीय कार्यालय स्तर

गाड़ीयों का नियंत्रण कंट्रोल ऑफिस द्वारा कॉर्पोरेट स्तर पर तथा अन्य कार्य क्षेत्रीय स्तर पर होता है। परिचालन विभाग के कार्य को निम्नलिखित प्रकार से वर्गीकृत किया गया है।

## मालगाड़ी परिचालन

1. मालगाडियों का संचालन
2. माल का लदान
3. माल का उतरान
4. टर्मिनल का व्यवस्थापन
5. कर्मीदल का व्यवस्थापन
6. विविध विभागों को अनुरक्षण हेतु ट्रैफिक ब्लाक देना, सामग्री गाड़ी का परिचालन

**यात्रीगाड़ी परिचालन**

1. मेल / एक्सप्रेस तथा पैसेंजर गाडियों का संचालन
2. मेल / एक्सप्रेस तथा पैसेंजर गाडियों की समय सारणी
3. नयी गाडियां प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव, वारंवारता में वृद्धि, गाडियों का विस्तार आदि
4. हॉल्ट के लिए प्रस्ताव
5. गाडियों के डिब्बो में वृद्धि
6. विशेष गाड़ियों को चलाना
7. मांगों / शिकायतों का जबाब देना
8. आपदा प्रबंधन

**योजना**

1. यातायात सुविधाओं की योजना
2. अतिरीक्त यातायात की आवश्यकता के लिए बुनियादी ढाचे और थ्रूपुट बढाने के कार्य की योजना
3. यात्री तथा मालगाड़ी टर्मिनलों की योजना

**28/03/2025 को अद्यतन**